भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 262

03 फरवरी, 2021 को उत्तर के लिए

सैनिक/मिलिट्री स्कूलों में लड़कियों का नामांकन

262. श्री संजय भाटिया :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विभिन्न सैनिक स्कूलों/मिलिटरी स्कूलों में लड़कियों के नामांकन/प्रवेश हेतु विशेष अभियान चलाने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो किस शैक्षिक सत्र से नए नामांकन/प्रवेश प्रक्रिया लागू की जाएगी;

(ग) क्या सरकार का निकट भविष्य में प्रथम चरण के अंतर्गत उक्त नई संकल्पना कुंजपुरा सैनिक स्कूल में शुरू करने का भी प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ) : जी, नहीं । तथापि, मिजोरम के छिंगछिप स्थित सैनिक स्कूल में लड़कियों के प्रवेश के लिए पायलट परियोजना की सफलता के परिणामस्वरूप पांच और सैनिक स्कूलों अर्थात बीजापुर व कोडागु (कर्नाटक), चन्द्रपुर (महाराष्ट्र), घोड़ाखाल (उत्तराखंड) और कालिकिरी (आंध्र प्रदेश) में शैक्षिक सत्र 2020-21 से लड़कियों के प्रवेश की शुरुआत की गई है । शैक्षिक सत्र 2021-22 से कुंजपुरा सैनिक स्कूल सहित सभी अन्य सैनिक स्कूलों में लड़कियों को प्रवेश देने का निर्णय लिया गया है ।

*****